5) अपने उत्तर के लिए केवल पूर्ण–स्कैप आकार के कागज का उपयोग करें और सभी पृष्ठों को सावधानी से बाँधें। बहुत पतले कागज का उपयोग न करें। बाईं ओर 4 सेमी का मार्जिन और प्रत्येक उत्तर के बीच में कम से कम 4 लाइनें छोड़ दें। इससे मूल्यांकनकर्ता को उचित स्थानों पर मार्जिन में उपयोगी टिप्पणी लिखने में सुविधा हो सकती है।

6) उत्तर अपने हाथों से लिखें। उत्तर को टाइप या प्रिंट न करें। विश्वविद्यालय द्वारा आपको भेजी गई इकाइयों/खंडों से अपने उत्तर की नकल न करें। यह सलाह दी जाती है कि उत्तर अपने शब्दों में लिखें क्योंकि यह आपकी अध्ययन सामग्री को समझने में मदद करेगा।

7) अन्य छात्रों की प्रतिक्रिया पत्रक से नकल न करें। यदि नकल पकड़ी गई तो असाइनमेंट अस्वीकार कर दिया जाएगा।

8) प्रत्येक असाइनमेंट को अलग से लिखें। सभी असाइनमेंट को निरंतरता में नहीं लिखा जाना चाहिए।

9) प्रत्येक उत्तर के साथ प्रश्न संख्या लिखें।

10) पूरे किए गए असाइनमेंट आपको आवंटित किए गए अध्ययन केंद्र के समन्वयक के पास जमा किया जाना चाहिए। किसी अन्य स्थान पर जमा किए गए टीएमए का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।

11) टीएमए जमा करने के बाद, निर्धारित असाइनमेंट प्रेषण–सह–स्वीकृति कार्ड पर समन्वयक से पावती प्राप्त करें।

12) यदि आपने अध्ययन केंद्र में बदलाव के लिए अनुरोध किया है, तो आपको अपना टीएमए केवल मूल अध्ययन केंद्र में जमा करना चाहिए, जब तक कि अध्ययन केंद्र के परिवर्तन को विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित नहीं किया जाता है।

13) यदि आपको लगता है कि आपके असाइनमेंट के मूल्यांकन में कोई तथ्यात्मक त्रुटि है, उदाहरण के लिए यदि आपके असाइनमेंट रेस्पॉन्स के किसी हिस्से का मूल्यांकन नहीं किया गया है या आपके असाइनमेंट रेस्पॉन्स पर दर्ज कुल स्कोर गलत है तो आपको अपने स्टडी सेंटर के कोऑर्डिनेटर से इसे सही करवाकर मुख्यालय को प्रेशित करवाना चाहिए।

## 6.2 सत्रांत परीक्षा

जैसा कि पहले बताया गया है, सत्रांत परीक्षा मूल्यांकन प्रणाली का प्रमुख घटक है और इसका अंतिम परिणाम में 70%महत्त्व होता है।

आपको अंतिम तिथि से पहले सत्रांत परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन भरना होगा यानी 31 मार्च को जून की परीक्षा और 30 सितंबर को दिसंबर की परीक्षा के लिए।

विश्वविद्यालय साल में दो बार यानी जून और दिसंबर में सत्रांत परीक्षा आयोजित करता है। आप सत्रांत परीक्षा सिर्फ एक साल के अध्ययन के बाद ले सकते हैं। पहले दूसरे व तीसरे सालों की सत्रांत परीक्षा हर वर्ष के अंत में संचालित की जाएगी। अर्थात् पहले और दूसरे छमाही पाठ्यक्रम की सत्रांत परीक्षा पहले साल के अंत में एक–साथ ली जाएगी। इसी प्रकार, पाठ्यक्रम के दूसरे और तीसरे वर्षों में, तीसरे और चौथे छमाही पाठ्यक्रम की सत्रांत परीक्षा (दूसरे वर्ष की अध्ययन सामग्री कोर्स) व पाँचवें व छठे छमाही पाठ्यक्रम की सत्रांत परीक्षा (तीसरे वर्ष की अध्ययन सामग्री) एक–साथ संचालित की जाएगी। अगर आप कोई भी सत्रांत परीक्षा देने में विफल रहते हैं, तब आप इसे अगले जून या दिसम्बर में दे सकते हैं।

एक शिक्षार्थी को टीईई में निम्नलिखित शर्तों के अधीन उपस्थित होने की अनुमति है :–

- पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण मान्य और समय वर्जित नहीं है।
- नियत तारीख तक पाठ्यक्रमों में आवश्यक असाइनमेंट जमा कर दिए गए हैं।
- कार्यक्रम के प्रावधान के अनुसार इन पाठ्यक्रमों को आगे बढ़ाने का न्यूनतम समय पूरा हो चुका है।
- उन सभी पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षा शुल्क का भुगतान कर दिया गया है जिसमें शिक्षार्थी परीक्षा दे रहा है।

उपरोक्त शर्तों में से किसी एक का भी पालन न करने की स्थिति में, ऐसे सभी पाठ्यक्रमों के परिणाम विश्वविद्यालय द्वारा रोक दिए जा सकते हैं।

यदि आप सत्रांत परीक्षा में पास स्कोर (35% अंक) प्राप्त करने में असफल रहते हैं, तो आपको प्रोग्राम के कुल अवधि यानी छह साल के भीतर उस पाठ्यक्रम के लिए अगले सत्रांत परीक्षा में फिर से बैठना होगा।

### परीक्षा फार्म जमा करना

शिक्षार्थियों को हर बार टीईई में बैठने के लिए परीक्षा फॉर्म भरना होता है यानी हर परीक्षा (जून/दिसंबर) के लिए एक शिक्षार्थी को नए सिरे से आवेदन करना होता है। केवल उन सभी पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन फॉर्म जमा किया जाना होता है जिनमें शिक्षार्थी टीईई में बैठने की योजना बनाता है। परीक्षा फॉर्म भरने में विसंगतियों से बचने के लिए और टीईई में उपस्थित होने में कठिनाई से बचने के लिए, आपको निम्नलिखित सलाह दी जाती है :

1) परीक्षा फॉर्म जमा करने की अनुसूची में बदलाव के लिए अध्ययन केंद्र/क्षेत्रीय केंद्र/छात्र मूल्यांकन प्रभाग के संपर्क में रहें।

2) फॉर्म के प्रसंस्करण में अस्वीकृति/देरी से बचने के लिए परीक्षा फॉर्म में दिए गए सभी विवरणों को सावधानीपूर्वक और ठीक से भरें।

3) अपने हॉल टिकट को डाउनलोड करने तक परीक्षा फॉर्म जमा करने का सबूत अपने पास रखें।

### परीक्षा शुल्क और भुगतान की विधि

सत्रांत परीक्षा फॉर्म जमा करने की अनुसूची इग्नू की वेबसाइट पर प्रत्येक सत्र के दौरान उपलब्ध रहती है।

### परीक्षा शुल्क

150/–रु. प्रति सिद्धांत पाठ्यक्रम

150/–रु. प्रति व्यावहारिक पाठ्यक्रम

भुगतान का प्रकार

क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/नेट बैंकिंग

एक बार भुगतान किया गया परीक्षा शुल्क न तो वापस किया जा सकता है और न ही समायोज्य, भले ही शिक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित न हो पाए।

### सत्रांत परीक्षा के लिए हॉल टिकट

हॉल टिकट परीक्षार्थियों को नहीं भेजा जाएगा। सत्रांत परीक्षा शुरू होने से 7–10 दिन पहले सभी परीक्षार्थियों के हॉल टिकट विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाते हैं।

छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी नामांकन संख्या और अध्ययन के कार्यक्रम का नाम दर्ज करने के बाद विश्वविद्यालय के वेबसाइट से हॉल टिकट का प्रिंट आउट ले लें और क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक द्वारा सत्यापित एवं विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए पहचान पत्र के साथ परीक्षा केंद्र पर रिपोर्ट करें। क्षेत्रीय केंद्र/विश्वविद्यालय द्वारा जारी वैध इग्नू स्टूडेंट आईडी कार्ड के बिना परीक्षार्थियों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

टीईई में उपस्थित होने के लिए प्रत्येक छात्र को हॉल टिकट के साथ अपना पहचान पत्र लाना होगा। छात्रों को केवल उन पाठ्यक्रमों के लिए टीईई में उपस्थित होने की अनुमति होगी जिनके लिए उनका पंजीकरण वैध है और अध्ययन की निर्धारित न्यूनतम अवधि पूरी हो गई है। यदि किसी शिक्षार्थी ने विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए पहचान पत्र को खो दिया है तो परीक्षा शुरू होने से पहले संबंधित क्षेत्रीय केंद्र पर एक डुप्लिकेट पहचान पत्र के लिए आवेदन करना अनिवार्य है। मान्य पहचान पत्र के बिना शिक्षार्थी को परीक्षा केंद्र परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## परीक्षा की तिथि

परीक्षा की तिथि (यानी अनुसूची जो प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए परीक्षा की तारीख और समय को इंगित करता है) सभी अध्ययन केंद्रों को एक महीने पहले भेजा जाता है। ये इग्नू समाचार पत्र में छपते हैं और पोस्ट किए जाते हैं। डेटशीट www.ignou.ac.in पर भी प्रदर्षित की जाती है। आपको यह देखने की सलाह दी जाती है कि जिन पाठ्यक्रमों की आप परीक्षा देना चाहते हैं, उनकी परीक्षा की तारीखों में कोई टकराव है या नहीं, यानी आप जिन दो पाठ्यक्रमों की परीक्षा देना चाहते हैं, उनकी परीक्षा एक ही दिन निर्धारित की गई है। यदि ऐसा होता है तो आपको सलाह दी जाती है कि आप एक पाठ्यक्रम के लिए टीईई में बैठें और दूसरे पाठ्यक्रम के लिए अगली टीईई में।

## परिणाम की घोषणा

यह जाँचना आपका कर्तव्य है कि क्या आप पाठ्यक्रम के लिए पंजीकृत हैं और क्या आप उस परीक्षा में बैठने के योग्य हैं। यदि आप बिना पात्रता के परीक्षा देते हैं, तो आपका परिणाम रद्द कर दिया जाएगा।

अगले टीईई के लिए परीक्षा फॉर्म जमा करने की समय सीमा से पहले परिणाम घोषित करने के सभी प्रयास किए जाते हैं। यदि किसी पाठ्यक्रम का परिणाम घोषित नहीं हुआ है, तो आपको परीक्षा शुल्क के बिना उस पाठ्यक्रम के लिए परीक्षा फॉर्म भरना चाहिए। यदि आप उस पाठ्यक्रम के टीईई में बैठते हैं, तो आपको एक डिमांड ड्राफ्ट (इग्नू, नई दिल्ली के पक्ष में देय) भेजना होगा, जिसमें रजिस्ट्रार, छात्र मूल्यांकन विभाग (एसईडी), नई दिल्ली को अपेक्षित राषि दी जाएगी, इसके बिना उस पाठ्यक्रम के परिणाम की घोषणा नहीं की जाएगी।

## परिणाम की जल्द घोषणा

ऐसे शिक्षार्थियों को सुविधा प्रदान करने के लिए जिन्होंने उच्च अध्ययन के लिए प्रवेश प्राप्त किया है या रोजगार के लिए चयनित हुए हैं आदि और एक निर्धारित तिथि तक अंकों/ग्रेड कार्डों का विवरण तैयार करना आवश्यक है, विश्वविद्यालय परिणाम की जल्द घोषणा की सुविधा प्रदान करता है। शिक्षार्थी अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के शीघ्र मूल्यांकन और परिणाम की घोषणा के लिए आवेदन कर सकता है। ऐसे छात्र को निर्धारित प्रारूप (यूनिवर्सिटि वेबसाइट पर उपलब्ध) के साथ शुल्क 1000/– रु. प्रति पाठ्यक्रम के लिए डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जो इग्नू के पक्ष में नई दिल्ली में देय हो तथा) प्रवेश/रोजगार की पेशकश की सत्यापित फोटोकॉपी प्रस्तुत करना होगा। शिक्षार्थी को टीईई की शुरुआत से पहले परिणाम की घोषणा के लिए अपना अनुरोध प्रस्तुत करना होगा, अर्थात् जून और दिसंबर टीईई के लिए क्रमशः 1 जून या 1 दिसंबर से पहले। ऐसे मामलों में विश्वविद्यालय उत्तर पुस्तिकाओं के शीघ्र मूल्यांकन की व्यवस्था करेगा और विशेष मामले के रूप में परीक्षा के संचालन से संभवतः एक महीने के भीतर परिणाम घोषित करेगा।

## उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन

वे छात्र जो टीईई में प्राप्त अंक/ग्रेड से संतुष्ट नहीं हैं, वे परिणाम घोषित होने की तारीख से एक महीने के भीतर पुनर्मूल्यांकन के लिए निर्धारित फॉर्म में आवेदन कर सकते हैं प्रति पाठ्यक्रम पुनर्मूल्यांकन हेतु 750/–रु. का भुगतान ऑनलाइन करना है। पुनर्मूल्यांकन के बाद अंक/ग्रेड और पहले के अंक/ग्रेड दोनों में से जो बेहतर होगा उसे छात्र के रिकॉर्ड में अपडेट कर दिया जाएगा।

पुनर्मूल्यांकन की अनुमति सिर्फ टीईई के लिए है, न कि व्यावहारिक, परियोजना रिपोर्ट, कार्यषाला, असाइनमेंट, ट्यूटोरियल, सेमिनार, आदि के लिए। इसके लिए नियमों और विनियमों के साथ एक नमूना आवेदन फॉर्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### डिवीजन/क्लास में सुधार

स्नातक कार्यक्रम के छात्र जिन्होंने अपना कार्यक्रम पूरा कर लिया है और टीईई में उपस्थित होकर अपने डिवीजन/क्लास में सुधार करना चाहते हैं उनमें से वे छात्र जिनकी द्वितीय और प्रथम श्रेणी बनने में अधिकतम 2% अंक ही कम हैं सिर्फ वे ही इसके लिए योग्य हैं।

छात्र जून टीईई के लिए 1 से 30 अप्रैल तक और दिसंबर टीईई के लिए 1 से 31 अक्टूबर तक टीईई के शुल्क के साथ निर्धारित फॉर्म में प्रति पाठ्यक्रम निर्धारित शुल्क 750/–रु. के डिमांड ड्राफ्ट जो इग्नू के पक्ष में नई दिल्ली में देय हो, आवेदन कर सकते हैं।

सुधार की अनुमति सिर्फ टीईई के लिए है, न कि व्यावहारिक, परियोजना रिपोर्ट, कार्यषाला, असाइनमेंट, ट्यूटोरियल, सेमिनार, आदि के लिए।

अपने अंकों में सुधार करने के इच्छुक छात्रों को अंक/ग्रेड कार्ड के अंतिम विवरण जारी करने की तारीख से छह महीने के भीतर इस षर्त के अधीन आवेदन करना होगा कि उनका पंजीकरण कार्यक्रम/पाठ्यक्रम के लिए अगले टीईई तक जिसमें वे सुधार के लिए उपस्थित होना चाहते हैं, मान्य है । इस उद्देश्य के लिए नियम और विनियम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी प्राप्त करना : परिणाम घोषित होने के बाद, यदि शिक्षार्थी प्राप्त अंकों से संतुष्ट नहीं है, तो वह प्रति पाठ्यक्रम 100/–रु. के भुगतान पर उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय से अनुरोध कर सकता है। छात्र द्वारा मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी प्राप्त करने का अनुरोध, छात्र मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को परिणाम की घोषणा की तारीख से 45 दिनों के भीतर निर्धारित प्रारूप में किया जाना चाहिए साथ में प्रति पाठ्यक्रम 100/– रु. का भुगतान ऑनलाइन करना है।

परीक्षाओं के संबंध में विश्वविद्यालय से संवाद करते समय कृपया अपना नामांकन नंबर और पूरा पता स्पष्ट रूप से लिखें। इस तरह के विवरण के अभाव में, हम आपकी समस्याओं का समाधान नहीं कर पाएंगे।

## 7. अन्य उपयोगी जानकारी

### छात्रवृत्ति और शुल्क की वापसी

आरक्षित श्रेणियों अर्थात अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों और विकलांग विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में प्रवेश के समय अन्य सामान्य श्रेणी के विद्यार्थियों के साथ पूरे शुल्क का भुगतान करना होगा। इग्नू कार्यक्रमों में दाखिला प्राप्त विकलांग श्रेणी के छात्र भारत सरकार की छात्रवृत्ति के पात्र हैं। ऐसे छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे अपने–अपने राज्य के समाज कल्याण निदेशालयों या समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय से छात्रवृत्ति के फॉर्म लें और भरे हुए फॉर्म इग्नू के संबद्ध क्षेत्रीय केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक के पास क्षेत्रीय निदेशक द्वारा आवश्यक प्रमाणन के लिए जमा कर दें।

इसी प्रकार कार्यक्रम शुल्क की वापसी के लिए अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के छात्रों को यह सलाह दी जाती है कि वे इग्नू के सम्बद्ध क्षेत्रीय निदेशक के माध्यम से अपने–अपने राज्य के समाज कल्याण निदेशालयों या समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय में जमा कर दें।

**माध्यम में परिवर्तन** की अनुमति प्रथम सेमेस्टर की पाठ्यक्रम सामग्री के पहले सेट की प्राप्ति के 30 दिन के भीतर तक ही है। इसके लिए बीएजी कार्यक्रम 350/–रु. और प्रति 4 क्रेडिट के पाठ्यक्रमों के लिए

350/–रु. और प्रत्येक 6 क्रेडिट के पाठ्यक्रमों के लिए 700/–रु. का भुगतान ''इग्नू'' के पक्ष में संबंधित क्षेत्रीय केंद्र के शहर में देय डिमांड ड्राफ्ट द्वारा करना होगा। माध्यम में परिवर्तन के लिए आवेदन पत्र समय–सारणी के अनुसार केवल संबंधित क्षेत्रीय केंद्र को भेजें।

### पते में परिवर्तन या सुधार

पते/नाम में परिवर्तन/सुधार के लिए एक मुद्रित फॉर्म है। स्टूडेंट जोन के तहत विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उसकी प्रति ऑनलाइन उपलब्ध है। यदि आपके पते में कोई सुधार या परिवर्तन कराना है, तो आपको रजिस्ट्रार एसआरडी (संबंधित क्षेत्रीय निदेशक के माध्यम से) को संबोधित उस प्रपत्र का उपयोग करने के लिए निर्देशित किया जाता है। आपको सलाह दी जाती है कि इस संबंध में विश्वविद्यालय के किसी अन्य अधिकारी को पत्र न लिखें। आम तौर पर, परिवर्तन में चार से छह सप्ताह लगते हैं। इसलिए, आपको इस अवधि के दौरान बदले हुए पते पर मेल को पुनर्निर्देशित करने के लिए अपनी व्यवस्था करने की सलाह दी जाती है।

### अध्ययन केंद्र में परिवर्तन

एक छात्र को केवल ऐसे अध्ययन केंद्रों को चुनने की आवश्यकता होती है जो कार्यक्रम के लिए सक्रिय हैं। जहाँ तक संभव हो विश्वविद्यालय छात्र द्वारा चुने गए अध्ययन केंद्र को आवंटित करता है। हालाँकि, विश्वविद्यालय किसी भी समय छात्र की सहमति के बिना अध्ययन केंद्र को अपनी सुविधानुसार बदल सकता है।

अध्ययन केंद्र में परिवर्तन के लिए, आपको अपने क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक को एक अनुरोध भेजना होगा। इसकी एक प्रति मुख्यालय में छात्र मूल्यांकन प्रभाग को भेजी जा सकती है।

किसी कार्यक्रम के लिए परामर्श की सुविधा सभी केंद्रों पर उपलब्ध नहीं हो सकती है। इसलिए, आपको यह सुनिश्चित करने की सलाह दी जाती है कि आपके द्वारा चुने गए नए केंद्र पर आपके कार्यक्रम के लिए काउंसलिंग की सुविधा उपलब्ध है। जहाँ तक संभव होता है, स्टडी सेंटर के बदलाव के अनुरोध को मान लिया जाता है। हालाँकि, एक नए अध्ययन केंद्र का आवंटन नए केंद्र में कार्यक्रम के लिए सीटों की उपलब्धता पर निर्भर करता है।

### क्षेत्रीय केंद्र में परिवर्तन

यदि आप एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में स्थानांतरण करना चाहते हैं, तो आपको अपना आवेदन क्षेत्रीय केंद्र में स्थानांतरित करने के लिए स्थानांतरण प्रति के साथ उस क्षेत्रीय केंद्र में भेजना होगा जहाँ आप स्थानांतण चाहते हैं। इसके अलावा, आपको अध्ययन केंद्र के समन्वयक से एक प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा जहाँ से आप जमा किए गए असाइनमेंट की संख्या के बारे में स्थानांतरण चाहते हैं। क्षेत्रीय निदेशक, जहाँ से शिक्षार्थी स्थानांतरण चाह रहा है, रजिस्ट्रार, छात्र पंजीकरण प्रभाग (त्व) और शिक्षार्थी को सूचना के तहत नए क्षेत्रीय केंद्र को शुल्क भुगतान के विवरण सहित सभी रिकॉर्ड स्थानांतरित कर देगा। मनोविज्ञान जैसे **व्यावहारिक** उन्मुख पाठ्यक्रमों में क्षेत्र के परिवर्तन के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र 'संबंधित क्षेत्रीय केंद्र/अध्ययन केंद्र से प्राप्त करना होगा जहाँ आप स्थानांतरण करना चाहते हैं। यदि कोई भी शिक्षार्थी सेना/नौसेना/वायु सेना के क्षेत्रीय केंद्र से विश्वविद्यालय के किसी अन्य क्षेत्रीय केंद्र सत्र के दौरान स्थानांतरण के लिए उत्सुक है, तो उसे क्षेत्रीय केंद्र को शुल्क–षेयर राषि का भुगतान करना होगा। यदि शिक्षार्थी सत्र/ चक्र की शुरुआत में स्थानांतरण चाहता है, तो सत्र/चक्र के लिए आवश्यक कार्यक्रम पाठ्यक्रम शुल्क क्षेत्रीय केंद्र में जमा किया जाएगा। हालाँकि, स्थानांतरण जहाँ भी लागू हो सीटों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा।

## डुप्लीकेट ग्रेड कार्ड/मार्क षीट जारी करना

निर्धारित फॉर्म पर एक अनुरोध के साथ इग्नू, नई दिल्ली के पक्ष में देय 200/–रु. का ड्राफ्ट जमा करने के बाद डुप्लिकेट ग्रेड कार्ड जारी किया जाता है। प्रयोजन के लिए फॉर्म इग्नू की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## डुप्लिकेट डिग्री प्रमाण पत्र जारी करना

निर्धारित फॉर्म पर एक अनुरोध के साथ इग्नू, नई दिल्ली के पक्ष में देय **750/**–रु. का ड्राफ्ट जमा करने के बाद डुप्लिकेट डिग्री प्रमाण पत्र जारी किया जा सकता है। अनुरोध के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों को संलग्न करना आवश्यक है :

1) **10/**–रु. के गैर–न्यायिक स्टांप पेपर पर शपथ–पत्र

**2**) डिग्री प्रमाणपत्र के खोने के बारे में पुलिस थाने में दर्ज एफआईआर की प्रति

**3**) आवश्यक शुल्क का डिमांड ड्राफ्ट/आईपीओ

इसके लिए प्रपत्र और प्रारूप कार्यक्रम गाइड में दिए गए हैं।

## पुनः प्रवेश

यदि आप अधिकतम 6 वर्षों में कार्यक्रम पूरा करने में सक्षम नहीं होते हैं, तो विश्वविद्यालय ने फिर से प्रवेश के लिए एक विशेष प्रावधान किया है। आपको पुनः प्रवेश के लिए निम्नलिखित दो कदम उठाने होंगे :

क) प्रवेश मानदंड को पूरा करके और कार्यक्रम के लिए अपेक्षित शुल्क का भुगतान करके अन्य छात्रों की तरह कार्यक्रम में प्रवेश लें।

लागू शुल्क के साथ पुराने नामांकन के तहत आपके द्वारा अर्जित क्रेडिट के हस्तांतरण के लिए विश्वविद्यालय में आवेदन करें।

पूर्ण क्रेडिट स्थानांतरण की अनुमति दी जा सकती है यदि पाठ्यक्रम और पद्धति अभी भी प्रचलन में हैं, जो पुराने नामांकन के तहत था।

## एक से ज्यादा पंजीकरण

एक शिक्षार्थी को दिए गए शैक्षणिक सत्र में केवल एक कार्यक्रम के लिए पंजीकरण करने की अनुमति है। इसलिए, आपको दिए गए शैक्षणिक सत्र में केवल एक कार्यक्रम में प्रवेश लेने की सलाह दी जाती है। हालाँकि, आपको अन्य कार्यक्रमों के साथ 6 महीने की अवधि के'प्रमाणपत्र कार्यक्रम' में प्रवेश लेने की अनुमति है। इस नियम के उल्लंघन के परिणामस्वरूप सभी कार्यक्रमों में प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा और कार्यक्रम की फीस काट ली जाएगी।

## प्रवास प्रमाण पत्र

प्रवास प्रमाण पत्र के लिए अनुरोध निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ क्षेत्रीय निदेशक को भेजा जा सकता है:

1) आवेदन (इग्नू की वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है)

2) मार्कशीट की सत्यापित प्रति

3) इग्नू के पक्ष में 500/–रु. का शुल्क डिमांड ड्राफ्ट के रूप में उस शहर में देय जहाँ क्षेत्रीय केंद्र स्थित है।

## फीस की वापसी

फीस वापसी का अनुरोध निम्नानुसार माना जाएगा :

ए. प्रवेश फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि से पहले कार्यक्रम शुल्क 200/–रु. की कटौती के बाद वापस किया जाएगा।

बी. प्रवेश फॉर्म–कार्यक्रम शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि से 15 दिनों के भीतर 500/–रु. की कटौती के बाद वापस कर दिया जाएगा।

सी. प्रवेश फॉर्म–कार्यक्रम शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि से 30 दिनों के भीतर 1000/–रु. की कटौती के बाद वापस कर दिया जाएगा।

डी. अंतिम तिथि की समाप्ति के 30 दिनों के बाद कोई धनवापसी की अनुमति नहीं दी जाएगी।

ई. प्रवेश फॉर्म जमा करने की अंतिम तारीखों को अलग–अलग माना जाएगा, यानी बिना लेट फीस के आखिरी तारीख और लेट फीस के साथ आखिरी तारीख। हालाँकि, विलंब शुल्क, यदि कोई हो, तो वापस नहीं किया जाएगा।

एफ. उपरोक्त (ए) से (सी) के मामलों में, उम्मीदवार ऐसे धनवापसी के लिए संबंधित क्षेत्रीय निदेशक (आरडी) को एक लिखित अनुरोध करेंगे। क्षेत्रीय केंद्र (आरसी) इग्नू खातों में इसके क्रेडिट का पता लगाने के बाद जितनी जल्दी हो सके मामलों पर कार्रवाई करेगा।

## विश्वविद्यालय में प्रवेश और अन्य मामलों में विवाद

मुकदमा दाखिल करने के लिए अधिकार क्षेत्र का स्थान, यदि आवश्यक हो, तो केवल नई दिल्ली/दल्ली में होगा।

विश्वविद्यालय के अधिकांश संचालन ऑनलाइन हैं। विश्वविद्यालय ने अपनी वेबसाइट पर विभिन्न एप्लिकेशन फॉर्म उपलब्ध कराए हैं। जहाँ भी आपको हार्ड कॉपी जमा करने की आवश्यकता होती है, इन प्रपत्रों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट के विद्यार्थी क्षेत्र (student zone) से डाउनलोड करें।

## कुछ उपयोगी पते

अपने अध्ययन के दौरान आपको नियमों और साथ ही इग्नू में अपनी पढ़ाई पूरी करने में कुछ मुद्दों को कैसे हल किया जाए के बारे में कुछ अतिरिक्त जानकारी की आवश्यकता हो सकती है। आपको पता होना चाहिए कि विशिष्ट जानकारी के लिए किससे संपर्क करें। विशिष्ट जानकारी या समस्या के समाधान के लिए विश्वविद्यालय में कार्यालयों के पते और संपर्क नंबर और ईमेल की एक सूची यहाँ दी गई है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पहचान पत्र, शुल्क प्राप्ति रशीद, मूल प्रमाण पत्र, प्रवास प्रमाण पत्र, छत्रवृत्ति फॉर्म | संबंधित क्षेत्रीय केंद्र |
| 2 | अध्ययन सामग्री न मिलने पर | सामग्री उत्पादन एवं वितरण विभाग |
| 3 | परीक्षा फॉर्म, प्रवेश परीक्षा, तिथि पत्रक, इग्नू हॉल टिकट की अनुसूची/सूचना | उप–कुलसचिव, परीक्षा–III, वि.मू प्रभाग ब्लाक–12, इग्नू, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068, ई. मेल:evaluationsed@ignou.ac.in फोन 29536743, 29535924-32 / एक्स-2202, 2209 |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | परीक्षा परिणाम, पुनः जाँच, ग्रेड कार्ड, अस्थायी (अंनतिम)प्रमाणपत्र, परीक्षाफल की समयपूर्व क्तेशणा, ट्रांस्क्रिप्ट | उप–कुलसचिव, परीक्षा–III, वि.मू प्रभाग ब्लाक–12, इग्नू,मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068, ई.मेलःsedgrievance@ignou.ac.in फोन 29536103,29535924-32/एक्स -2201, 2211, 1316 |
| 5 | सत्रीय कार्यों के ग्रेड/अंकों का अंकसूची में न जुड़ना | उप कुलसचिव, (सत्रीय कार्य)वि.मू. प्रभाग, ब्लॉक 3, इग्नू, मैदान गढ़ी,नई दिल्ली –110068, ई.मेलः assignments@ignou.ac.in फोन 29535924, एक्स-1312, 1319, 1325 |
| 6 | मूल डिग्री/डिप्लोमा, डिग्री/डिप्लोमा का सत्यापन | सहा. कुलसचिव (परीक्षा– I), वि.मू. प्रभाग, ब्लॉक–9, इग्नू, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली– 110068, ई मेलःevaluationsed@ignou.ac.inफोनः Ph.29535438, 29535924-32/एक्स-2224, 2213 |
| 7 | मूल्यांकन से संबंधित विद्यार्थी की शिकायत | सहा. कुलसचिव (विद्यार्थी शिकायत), वि.मू.प्र.,खंड–3, इग्नू, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–68, ई मेलः sedgrievance@ignou.ac.in फोनः 29532294, 29535924-32/एक्स-1313 |
| 8 | शैक्षिक विषयवस्तु | संबंधित विद्यापीठ का निदेशक |
| 9 | विद्यार्थी सहायता सेवाएँ और विद्यार्थियों की शिकायतें, इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों की प्रवेश पूर्व पूछताछ | निदेशक, विद्यार्थी सहायता केंद्र, इग्नू, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली– 110068, ई मेलः ssc@ignou.ac.in फोन नं. 29535714, 29533869, 2953380 फैक्स-29533129 |

# भाग 2

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

# DETAILS OF CORE COURSES

A) LANGUAGES

## हिंदी

### हिंदी भाषा : विविध प्रयोग (BHDLA 135) 6 credits

यह पाठ्यक्रम 6 क्रेडिट का है। इस पाठ्यक्रम में हिंदी भाषा के विविध प्रयोगों की जानकारी दी जाएगी। विविध विषयों के अंतर्गत विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कला आदि क्षेत्रों की भाषा के स्वरूप और विशेषताओं का ज्ञान, विषयानुकूल पारिभाषिक शब्द–अर्थ और निर्माण के सिद्धांतों का परिचय, भाषा बोध और अभिव्यक्ति का विकास; विषय प्रतिपादन की क्षमता का विकास आदि का अध्ययन कराया जाएगा। पाठ्यक्रम में विविध विषयों की भाषा के स्वरूप, लक्षण, अभिव्यक्ति की शैली, पारिभाषिक शब्द आदि की भी जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही विधि एवं प्रशासनिक भाषा; स्वरूप और लक्षण; औपचारिक लेखन; प्रारूपों के स्वरूप का अध्ययन भी कराया जाएगा।

### हिंदी भाषा : लेखन कौशल (BHDLA 136) 6 credits

इस पाठ्यक्रम में हिंदी भाषा का अध्ययन कराया जाएगा। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में लेखन कौशल को बढ़ावा देना है। यह पाठ्यक्रम 6 क्रेडिट का है। इस पाठ्यक्रम में लेखन कौशल से संबंधित निम्नलिखित बिंदुओं को शामिल किया गया है :

शब्द और मुहावरे; संवाद शैली; सरकारी पत्राचार तथा टिप्पण और प्रारूपण; समाचार लेखन और संपादकीय; अनुवाद; संक्षेपण, भाव पल्लवन और निबंध लेखन; प्रभावी लेखन; रचना (कंपोजिशन की तैयारी); पुनर्रचना (संक्षेपण, भाव पल्लवन आदि); वर्णनात्मक लेखन (Descriptive Writing); आख्यानपरक लेखन (Narrative Writing); तार्किक लेखन (Expository Writing).

### हिंदी भाषा : संप्रेषण कौशल (BHDLA 137) 6 credits

यह पाठ्यक्रम 6 क्रेडिट का है। इसमें निम्नलिखित बिंदुओं को शामिल किया गया है :

**हिंदी भाषा और संप्रेषण कौशल**

1) संप्रेषण के मूल तत्व
2) भाषा के संदर्भ में उच्चरित और लिखित संप्रेषण के तत्व
3) आंगिक भाषा और संप्रेषण
4) संप्रेषण के विविध रूप : साक्षात्कार, भाषण, संवाद आदि
5) भाषिक कला के विभिन्न पक्ष
6) संवाद कला के विभिन्न पक्ष

**लिखित संप्रेषण**

1) पत्र लेखन
2) संचार के लिए लेखन–मीडिया के लिए लेखन
3) कार्यालयी लेखन–रिपोर्ट, कार्यवृत्त आदि

4) सर्जनात्मक लेखन : फीचर, निबंध,कहानी आदि

5) सृजनात्मक लेखन : संस्मरण, डायरी, यात्रा वृत्तांत आदि

6) जनसंचार के लिए लेखन : वार्ता, रेडियो वार्तालाप, समाचार, आदि।

## हिंदी साहित्य : विविध विधाएं (BHDLA 138) 6 credits

यह पाठ्यक्रम 6 क्रेडिट का है। इस पाठ्यक्रम में निम्नलिखित बिंदुओं को शामिल किया गया है :

साहित्य का आस्वादन : कहानी : पूस की रात (प्रेमचंद), व्यंग्य निबंध : वैष्णव की फिसलन (हरिशंकर परसाई), एकांकी : बहुत बड़ा सवाल (मोहन राकेश), निबंध : जीने की कला (महादेवी वर्मा ), आत्मकथा : जूठन (ओमप्रकाश वाल्मीकि), कविताएं। साहित्य : विविध विधाएं : डायरी, पत्र, रिपोर्ताज, यात्रा वृत्तांत, जीवनी/रेखाचित्र, संस्मरण।

# ENGLISH

## English in Daily Life (BEGLA 135) 6 credits

This is a programme designed specially for learners who are at an 'intermediate level' of English. It is meant for those of you who already have some basic skills in the language and are now ready to acquire greater proficiency in it. The Course aims to improve your command over the English language by giving you extensive practice in reading, writing, speaking and listening. We have used a wide variety of text types to make you fluent in the use of everyday English. Our selections (both for reading and listening) deal with issues of contemporary relevance and include topics such as greetings and introductions, travel, health and fitness, the workplace, social values (class, caste, gender, peace, etc.) and the future. By drawing examples from day to day life and by involving issues that concern all thinking people, this course aims not only to raise your social awareness but also to give you command over the language to express your ideas and concerns.

## English at the Workplace (BEGLA 136) 6 credits

This course has been designed for students across different disciplines in order to develop their English skills required at the workplace. We have primarily concentrated on first time job seekers since most of you will be searching for your first job. The course is divided into four blocks and deals with exploring the job market, preparing for job interviews, understanding cross-cultural interaction in business contexts and learning about customers and customer service. It also gives you practice in participating in discussions, making presentations, writing business letters and emails. Business ethics is an important part of this course.

## Language through Literature (BEGLA 137) 6 credits

Language Through Literature (6 credits) is aimed at providing a lucid account of how even the most common elements of language are used dexterously and aesthetically in literature/oratory to please, to entertain, to persuade, to gratify and to create aesthetic appeal. As a matter of fact literature is nothing but a creative and imaginative use of language. This course will enable you to not only understand the various and dynamic ways in which writers/orators use language but also comprehend and appreciate literary/rhetorical pieces better and derive greater pleasure from them. This course will primarily deal with literal versus metaphorical meaning, literary and rhetorical devices, and an understanding of the development of discourse.

## Reading and Speaking Skills (BEGLA 138) 6 credits

Reading and Speaking Skills is a 6 credits course. The focus of this course is to understand the reading process and improve our reading strategies. Various types of texts will be discussed i.e. expository, descriptive, narrative, argumentative and persuasive. The highlight of the speaking skills would be various contexts of conversation, formal, informal and telephone conversation. Other speaking activities such as stories, dialogues, debates, discussions, meetings and presentations will be practiced. In this course we would also highlight pronunciation.

## संस्कृत

### संस्कृत भाषा और साहित्य (BSKLA 135) 6 credits

आधुनिक भारतीय भाषा का यह पाठ्यक्रम 6 क्रेडिट का है। इस पाठ्यक्रम में चार खण्ड हैं जिनका विवरण इस प्रकार है -

**खण्ड 1 -** संस्कृत भाषा की प्रकृति और स्वरूप

**खण्ड 2 -** संस्कृत वाचन और विविध विषय

**खण्ड 3 -** साहित्य का आस्वादन

**खण्ड 4 -** व्यावहारिक संस्कृत

इस पाठ्यक्रम के अध्ययन के पश्चात् आप वर्णों के उच्चारण, पद, लिंग, पुरुष, वचन, धातुरूप, शब्दरूप आदि की प्रक्रिया से परिचित होंगे। आप संस्कृति, सामाजिक विज्ञान एवं विज्ञान के विषयों पर आधारित पाठ्यक्रम द्वारा भारतीय संस्कृति एवं आयुर्वेद के मूलभूत स्वरूप को जान सकेंगे। पद्यकाव्य, गद्यकाव्य एवं कथा-साहित्य के अध्ययन द्वारा आप संस्कृत साहित्य के प्रमुख ग्रन्थों कुमारसम्भव, शुकनासोपदेश तथा हितोपदेश का अध्ययन करेंगे तथा इन ग्रन्थों से सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर, अनुवाद एवं व्याख्या करने में सक्षम होंगे। व्यावहारिक संस्कृत खण्ड का अध्ययन करने के पश्चात् आप पत्रलेखन, समाचार-लेखन, संक्षेपण, निबन्ध-लेखन जैसी विविध विधाओं से परिचित होंगे।

## اردو (उर्दू)

**Study of Modern Urdu Prose and Poetry (BUDLA 135)** **6 credits**

### جدید اردو نثر اور جدید اردو شاعری کا مطالعہ

بی ۔ ا ے 1st سمیسٹر: کے کورس **BUDLA 135** جدید اردو نثر اور جدید اردو شاعری کا مطا لعہ" کی تفصیلا ت درج ذیل ہیں۔ یہ کورس 6 کر یڈٹ کا ہے اس کے 2 بلا ک اور 15 ۱کائیا ں ہیں جس کے لئے آپ کو 180 گھنٹے پڑھائی کے لئے اپنے کو مصروف رکھنا ہو گا۔

**Block 1. Jadeed Urdu Nasr**
**Block 2. Jadeed Urdu Shairi**

**بلاک1۔ جدید اردو نثر**

1۔ جد ید اردو نثرکا ارتقاء
2۔ سر سید احمد خاں کی مضمون نگاری اور"امید کی خوشی"
3۔ ابوالکلام آزاد کی انشائیہ نگاری اور"چڑیا چڑے کی کہانی"
4 پریم چند کی افسانہ نگاری اور"شطرنج کے کھلا ڑی"
5۔ رشید احمد صدیقی کی مزاح نگاری اور"چارپائی"
6 الطاف حسین حالی کی سوانح نگاری اور" یاد گارِ غالب"

**بلاک2۔ جدید اردو شاعری**

7۔ جدید اردوشاعری کا ارتقا

8۔ حسرت موہانی کی شاعری اور منتخب کلام کا تجزیہ

9۔ فانی بدایونی کی شاعری اور منتخب کلام کا تجزیہ

10۔ علامہ اقبال کی شاعری اور منتخب کلام کا تجزیہ

11۔ فراق گورکھپوری کی شاعری اور منتخب کلام کا تجزیہ

12۔ جوش ملیح آبادی کی شاعری اور منتخب کلام کا تجزیہ

13۔ فیض احمد فیض کی شاعری اور منتخب کلام کا تجزیہ

14۔ اسرار الحق مجا زکی شاعری اور منتخب کلام کا تجزیہ

15۔ علی سردار جعفری کی شاعری اور منتخب کلام کا تجزیہ

## B) DISCIPLINES

## मानवविज्ञान

### मानवविज्ञान और अनुसंधान विधियाँ (BANC 131) 6 credits

मानवविज्ञान, मानवजाति की जैविक और सांस्कृतिक विविधता के साथ से संबंधित है। मानवविज्ञानी, वैज्ञानिक और मानववादी दोनों दृष्टिकोणों से मानव जाति के सभी पहलुओं की जांच करते हैं। मानवविज्ञान अनुसंधान का मुख्य उद्देश्य एक गहरी और समृद्ध समझ का निर्माण करना है कि हम मानव के रूप में कौन हैं, हम कैसे विकसित हुए हैं और हम ऐसे क्यों हैं। यह पाठ्यक्रम मानवविज्ञान और अनुसंधान विधियों के क्षेत्र का एक परिचय है। पाठ्यक्रम शिक्षार्थियों के लिए इस प्रकार डिजाइन किया गया है ताकि वे मानव विज्ञान या विभिन्न संबंधित क्षेत्रों में क्षेत्रीयकार्य (फील्डवर्क) या शोध करने के लिए तैयार हो सकें।

**पाठ्यक्रम (कोर्स) विवरणः** यह छह क्रेडिट का पाठ्यक्रम है। पाठ्यक्रम को चार खंडों (ब्लॉकों) में विभाजित किया गया है। पहला खंड (ब्लॉक) शिक्षार्थियों को मानवविज्ञान की प्रकृति के साथ बुनियादी समझ प्रदान करेगा। दूसरा खंड (ब्लॉक) एक विषय के रूप में मानवविज्ञान की उत्पत्ति और विकास से संबंधित है। तीसरा खंड मानव विज्ञान में विभिन्न शाखाओं के विकास की जांच करता है। चौथा खंड (ब्लॉक) मानवविज्ञान में क्षेत्र–अनुसंधान विधियों के एक बुनियादी उपकरणों के साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करता है जो सीखने वालों को स्वयं की अनुसंधान परियोजना की योजना बनाने और निष्पादित करने के लिए एक आधार प्रदान करता है।

**पाठ्यक्रम वांछनीयताः** एस.ओ.एस.एस के बी.ए सामान्य कार्यक्रम में नामांकित शिक्षार्थी पहली छमाही में इस पाठ्यक्रम का विकल्प चुन सकते हैं। मूल्यांकन प्रक्रिया में सत्रीय–कार्य (असाइनमेंट) और सत्रांत–परीक्षा का अंकन शामिल होगा।

### पाठ्यक्रम संरचना

**सिद्धांत** **(थियरी) क्रेडिट–6**

**खंड 1 मानवविज्ञान की समझ**

इकाई 1 परिभाषा, कार्यक्षेत्र और मानवविज्ञान का महत्व

इकाई 2 मानवविज्ञान की शाखाएं

इकाई 3 संबद्ध क्षेत्रों के साथ मानवविज्ञान का संबंध

**खंड 2 मानव विज्ञान का उद्‌भव और विकास**

इकाई 4 मानवविज्ञान का इतिहास एवं विकास

इकाई 5 भारत में मानवविज्ञान

इकाई 6 मानवविज्ञान में क्षेत्रीयकार्य परंपरा

**खंड 3 मानवविज्ञान के मुख्य क्षेत्र**

इकाई 7 जैविक मानवविज्ञान की अवधारणाएं एवं विकास

इकाई 8 सामाजिक मानवविज्ञान की अवधारणाएं एवं विकास

इकाई 9 पुरातत्व मानवविज्ञान में अवधारणाएं एवं विकास

**खंड 4 अनुसंधान विधि एवं तकनीक**

इकाई 10 मानवशास्त्रीय अनुसंधान के दृष्टिकोण

इकाई 11 विधियाँ, उपकरण और तकनीकें

इकाई 12 अनुसंधान अभिकल्प (डिजाइन)

## जैविक मानवविज्ञान के मूल सिद्धांत (BANC 132) 6 credits

जैविक मानवविज्ञान मानव विकास, जैविक विविधताओं और अनुकूलन का अध्ययन करता है। जैविक–मानवविज्ञान का उप–अनुशासन मानव उत्पत्ति का अध्ययन करने के लिए उद्विकासवादी दृष्टिकोण का प्रयोग करता है, यह मानव की जैविक विविधताओं के लिए आनुवंशिक और पर्यावरणीय आधार की व्याख्या करता है। यह गणों(प्राइमेट्स) के व्यवहारिक आनुवंशिक घटकों की भी जांच करता है और जीवाश्म अभिलेखों को पुनःनिर्मित करने की कोशिश करता है। जैविक मानवविज्ञान, जिसे भौतिक मानवविज्ञान के रूप में भी जाना जाता है, एक अत्यंत विविधता का क्षेत्र है जिसमें जैविक रूप से उन्मुख विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला है जिनमें आनुवांशिकी, उद्विकासवादी जीवविज्ञान, पोशण, शारीरिक अनुकूलन, वृद्धि और विकास जैसे विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है।

**पाठ्यक्रम विवरण :** यह पाठ्यक्रम व्यापक रूप में जैविक–मानवविज्ञान के अनुशासन का परिचय प्रस्तुत करता है। पाठ्यक्रम को चार खंडों में विभाजित किया गया है, जिसमें पहला खंड जैविक मानवविज्ञान के आधारभूत सिद्धांतों, इसके उप–क्षेत्रों, संबंधों, अनुप्रयोगों और दृष्टिकोणों से जुड़े विषयों को शामिल करता है। दूसरा खंड दुनिया की प्रमुख प्रजातियों में विभिन्न परिवर्तन, मानव विकास की अवधारणा और सिद्धांतों पर जोर देता है। जबकि तीसरा खंड प्राइमेट्स और नॉन–प्राइमेट्स का तुलनात्मक अध्ययन प्रदान करता है। अंतिम और चौथे खंड में मानव वृद्धि एवं विकास, मानव आनुवंशिकी और मानव पारिस्थितिकी सहित जैविक मानवविज्ञान के प्रमुख दृष्टिकोणों का एक संक्षिप्त विवरण प्रदान करता है। यह पाठ्यक्रम मानव विकास के मूल सिद्धांतों, जीवित प्राइमेट और दुनिया की प्रमुख प्रजातियों के वर्गीकरण सहित जैविक मानवविज्ञान के उप–क्षेत्रों की एक सैद्धांतिक पृष्ठभूमि का विकास विद्यार्थियों में करेगा। विद्यार्थियों को यह भी पता चलेगा कि आधुनिक मनुष्यों को मानवीकरण की प्रक्रिया के माध्यम से कैसे आकार दिया जाता है। इसके अतरिक्त यह पाठ्यक्रम अन्य जीवित प्राइमेट्स के संदर्भ में मनुष्यों की विशिष्टता को समझाने में भी छात्रों की मदद करेगा।

**पाठ्यक्रम वांछनीयता:** एस.ओ.एस.एस (SOSS) के बी.ए सामान्य कार्यक्रम में नामांकित शिक्षार्थी दूसरी छमाही में इस पाठ्यक्रम का विकल्प चुन सकते हैं। मूल्यांकन प्रक्रिया में सत्रीय–कार्य (असाइनमेंट) और सत्रांत–परीक्षा का अंकन शामिल होगा।

## पाठ्यक्रम संरचना

**सिद्धांत** **(थियरी) क्रेडिट–6**

**खंड 1 जैवकीय मानवविज्ञान का परिचय**

इकाई 1 जैविक मानवविज्ञान का परिचय

इकाई 2 जैविक मानवविज्ञान के उपक्षेत्र

इकाई 3 पारंपरिक एवं आधुनिक जैविक मानवविज्ञान के दृष्टिकोण

इकाई 4 जैविक मानवविज्ञान के संबंध और अनुप्रयोग

इकाई 5 जैविक मानवविज्ञान में समकालीन कार्यक्षेत्र

**खंड 2 मानव उद्विकास एवं विविधताएं**

इकाई 6 जैविक उद्विकास के सिद्धांत

इकाई 7 उद्विकास की मूल अवधारणा

इकाई 8 विश्व की प्रमुख प्रजातियां और मुख्य प्रजातियों का सीमांकन

इकाई 9 प्रजातियों के मानदंड और वर्गीकरण

**खंड 3 अजीवित प्राइमेट : मानव एवं गैर–मानव**

इकाई 10 जीवित प्राइमेट का वर्गीकरण एवं अभिलक्षण

इकाई 11 मानव और गैर–मानव प्राइमेट्स की तुलनात्मक शरीर–रचना

इकाई 12 मानवीकरण की प्रक्रिया

**खंड 4 जैविक मानवविज्ञान के दृष्टिकोण**

इकाई 13 मानव वृद्धि एवं विकास

इकाई 14 मानव आनुवंशिकी

इकाई 15 मानव पारिस्थितिकी

## सामाजिक एवं सांस्कृतिक मानवविज्ञान के मूलतत्व (BANC 133) 6 credits

सामाजिक और सांस्कृतिक मानवविज्ञान, मानव के समाज और संस्कृति के अध्ययन से संबंधित है। इस विषय का सबसे महत्वपूर्ण योगदान निष्पक्ष और विषयगत दोनों रूप से अपने उद्देश्य व महत्व को पेश करते हुए पक्षपात और पूर्वाग्रहों से दूर, दुनिया भर के विभिन्न समाजों और संस्कृतियों को समझने में रहा है। पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षार्थियों को समग्र रूप से सामाजिक संस्थाओं और मानवीय समाज का निर्माण करने वाली सांस्कृतिक विशेषताओं को समझाना है।

**पाठ्यक्रम विवरण:** यह पाठ्यक्रम (कोर्स) छह क्रेडिट का है। पाठ्यक्रम को चार खंडों में विभाजित किया गया है। पहला खंड सामाजिक और सांस्कृतिक मानवविज्ञान की बुनियादी समझ के साथ वैज्ञानिक अनुशासन के रूप में इसके उद्भव को शिक्षार्थियों को परिचित कराता है। दूसरा खंड समाज और संस्कृति, सामाजिक समूहों की अवधारणाओं के रूपों और प्रक्रियाओं के अध्ययन से संबंधित है जिसमें सामाजिक संस्थाएं, नातेदारी, विवाह और परिवार की अवधारणाएं, धार्मिक विचारों और अनुष्ठान प्रथाओं, आवश्यकता का उत्पादन, उपभोग और विनिमय शामिल है। तीसरा खंड, समाज और संस्कृति के सिद्धांतों और दृष्टिकोणों को प्रस्तुत करता है जिनमें कुछ प्रचलित और समाप्त हो चुकी प्रथाओं के अध्ययन से जुड़ा हैं। चौथे खंड में शिक्षार्थियों को मानवविज्ञान की विशेष परंपरा, क्षेत्र–अध्ययन और क्षेत्रीयकार्य परंपरा से परिचय कराया गया है। क्षेत्रीयकार्य (फील्डवर्क) का संचालन करने की बारीकियाँ, उपकरण और तकनीकें जिनका उपयोग क्षेत्र(फील्ड) में तथ्य एकत्र करने, रिपोर्ट को संकलित करने, विश्लेषण करने और लिखने के लिए किया जाता है, पर गहराई से चर्चा की जाएगी है।

**पाठ्यक्रम वांछनीयता :** एस.ओ.एस.एस के बी.ए सामान्य कार्यक्रम में नामांकित शिक्षार्थी तीसरी छमाही में इस पाठ्यक्रम का विकल्प चुन सकते हैं। मूल्यांकन प्रक्रिया में सत्रीय–कार्य (असाइनमेंट) और सत्रांत–परीक्षा का अंकन शामिल होगा।

## पाठ्यक्रम संरचना

**सिद्धांत** **(थियरी) क्रेडिट–6**

**खंड 1 विषय क्षेत्र एवं प्रकृति**

इकाई 1 सामाजिक और सांस्कृतिक मानवविज्ञानः अर्थ, क्षेत्र और प्रासंगिकता

इकाई 2 इतिहास एवं विकास

इकाई 3 सामाजिक और सांस्कृतिक मानवविज्ञान का मानवविज्ञान की अन्य शाखाओं एवं अन्य अनुशासन से संबंध

**खंड 2 आधारभूत अवधारणाएं**

इकाई 4 समाज

इकाई 5 संस्कृति

इकाई 6 संस्थान : नातेदारी,परिवार,विवाह

इकाई 7 संस्थान ।। :आर्थिक, राजनीतिक और धार्मिक

इकाई 8 जेंडर एवं समाज

**खंड 3 सैद्धांतिक परिपेक्ष्य**

इकाई 9 शास्त्रीय(क्लॉसिकल) सिद्धांत

इकाई 10 संरचना एवं प्रकार्य के सिद्धांत

इकाई 11 समकालीन सिद्धांत

**खंड 4 क्षेत्रीय कार्य**

इकाई 12 क्षेत्रीयकार्य परंपरा का इतिहास

इकाई 13 क्षेत्रकार्य व्यवहार

इकाई 14 पद्धति एवं प्रविधियां

## पुरातात्विक मानवविज्ञान के मूलतत्व (BANC 134) 6 credits

पुरातात्विक मानवविज्ञान, मानव विज्ञान की मुख्य शाखाओं में से एक है जो लिपि के आविष्कार से पहले मानव जाति की उत्पत्ति और विकास से संबंधित है। यह शाखा वैज्ञानिक कार्यप्रणाली को लागू करके सामग्री, उपकरण, हथियार, कपड़े, गहने और घरों के माध्यम से पूर्व के मानव व्यवहार और सांस्कृतिक–पैटर्न का पुनर्निर्माण, वर्णन और व्याख्या करती है।

**पाठ्यक्रम विवरणः** यह पाठ्यक्रम तीन खंडों का है। पहला खंड पुरातात्विक मानवविज्ञान की परिभाषा और व्यापकता से संबंधित है जिसके अंतर्गत पुरातात्विक मानवविज्ञान का अध्ययन करने के विभिन्न तरीकों पर चर्चा की गई है। दूसरा खंड मुख्य रूप से प्रागैतिहास में सेनोजोइक युग के महत्व सहित विभिन्न डेटिंग विधियों पर केंद्रित है। तीसरा और आखिरी खंड शिक्षार्थियों को विभिन्न प्रागैतिहासिक सांस्कृतिक अवधियों को प्रकट करता है और उन उपकरणों और तकनीकों को समझने में सहायता करता है जो प्रागैतिहासिक व्यक्तियों द्वारा उपयोग किए गए थे। इसके अतिरिक्त दुनिया भर में संस्कृतियों के विभिन्न साक्ष्यों पर भी चर्चा की जाती है।।

**पाठ्यक्रम वांछनीयता :** एस.ओ.एस.एस के बी.ए सामान्य कार्यक्रम में नामांकित शिक्षार्थी चौथी छमाही में इस पाठ्यक्रम का विकल्प चुन सकते हैं। मूल्यांकन प्रक्रिया में सत्रीय–कार्य (असाइनमेंट) और सत्रांत–परीक्षा का अंकन शामिल होगा।

## पाठ्यक्रम संरचना

**सिद्धांत** **(थियरी) क्रेडिट–6**

**खंड 1 पुरातत्व मानवविज्ञान का परिचय**

इकाई 1 पुरातत्व मानव विज्ञान की उत्पत्ति और विषय–क्षेत्र

इकाई 2 अन्य अनुशासन के साथ पुरातत्व मानवविज्ञान का संबंध

इकाई 3 पुरातात्विक मानवविज्ञान का अध्ययन करने की विधि

इकाई 4 पुरातात्विक मानव विज्ञान के अंतर्विषयक/अंतर–अनुशासनिक दृष्टिकोण

**खंड 2 तिथि निर्धारण पद्धित और अतीत का निर्माण**

इकाई 5 कालनिर्धारण की पद्धितियां

इकाई 6 जलवायु पुनर्निर्माण की पद्धतियां

इकाई 7 सेनोजोइक युग (चतुर्थ महाकल्प)

**खंड 3 प्रौगेतिहासिक संस्कृति की समझ**

इकाई 8 प्रागैतिहासिक प्रौद्योगिकी

इकाई 9 प्रागैतिहासिक वर्गीकरण

इकाई 10 सांस्कृतिक कालक्रम

इकाई 11 विश्व में संस्कृति के शुरुआती साक्ष्य

## व्यष्टि अर्थशास्त्र के सिद्धांत-I (BECC 131) 6 credits

यह पाठ्यक्रम अध्येता का परिचय व्यष्टि अर्थशास्त्र के मूल सिद्धांतों से कराता है। इसमें माँग और आपूर्ति, उपभोक्ता के व्यवहार तथा उत्पादन एवं लागत के सिद्धांतों पर चर्चा की गई है।

### पाठ्यक्रम संरचना

**खंड 1 विषय परिचय**

इकाई 1 अर्थशास्त्र और अर्थव्यवस्थाः एक परिचय

इकाई 2 माँग का सिद्धान्त और मांग की लोच

इकाई 3 आपूर्ति का सिद्धान्त और आपूर्ति की लोच

इकाई 4 माँग और आपूर्ति : व्यावहारिक अनुप्रयोग

**खंड 2 उपभोक्ता के व्यवहार का सिद्धांत**

इकाई 5 उपभोक्ता का व्यवहारः गणनवाचक दृष्टिकोण

इकाई 6 उपभोक्ता का व्यवाहार क्रमवाचक दृष्टिकोण

**खंड 3 उत्पादन और लागतें**

इकाई 7 एक परिवर्ती आगत का उत्पादन फलन

इकाई 8 दो परिवर्ती आगतों का उत्पादन फलन

इकाई 9 पैमाने के प्रतिफल

इकाई 10 लागत फलन

## व्यष्टि अर्थशास्त्र के सिद्धांत-II (BECC 132) 6 credits

यह व्यष्टि अर्थशास्त्र सिद्धांत पर दूसरा पाठ्यक्रम है और इसमें कई विषयों पर चर्चा की गई है। यह पूर्ण प्रतियोगिता तथा अपूर्ण प्रतियोगिता से चर्चा को प्रारंभ करता है– इसमें एकाधिकार, एकाधिकारी प्रतियोगिता तथा अल्पाधिकार भी सम्मिलित हैं। साथ ही साधन बाजार तथा उसमें कीमत निर्धारण की व्याख्या की गई है– श्रम को भी एक उत्पादक साधन माना गया है। इसी पाठयक्रम में बाजार की विफलता तथा सरकार की भूमिका पर चर्चा की गई हैं अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के सिद्धांत और विश्व व्यापार संगठन इसके अंतिम खंड का भाग है।

### पाठ्यक्रम संरचना

**खंड 1 बाजार संरचना**

इकाई 1 पूर्ण प्रतियोगिताः फर्म एवं उद्योग के संतुलन

इकाई 2 एकाधिकारः कीमत एवं उत्पादन निर्णय

इकाई 3 एकाधिकारी प्रतियोगिताः कीमत एवं उत्पादन निर्णय

इकाई 4 अल्पाधिकरः कीमत एवं उत्पादन निर्णय

**खंड 2 साधन बाजार**

इकाई 5 साधन बाजार : साधन कीमत निर्धारण

इकाई 6 श्रम बाजार

इकाई 7 भूमि बाजार

**खंड 3 आर्थिक क्षेत्र : बाजार की विफलता और सरकार की भूमिका**

इकाई 8 आर्थिक क्षेत्र : पूर्ण प्रतियोगिता के अन्तर्गत

इकाई 9 बाजार आवंटनात्मक दक्षताः बाजार की विफलता और राज्य की भूमिका

**खंड 4 अंतर्राष्ट्रीय व्यापार**

इकाई 10 अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के सिद्धांत

इकाई 11 विश्व व्यापार संगठन तथा भारत की व्यापार नीति

## समष्टि अर्थशास्त्र के सिद्धांत - I (BECC 133) 6 credits

यहां आपका परिचय समष्टि अर्थशास्त्र के मूल सिद्धांतो से कराया जाएगा। इसमें जी.डी.पी उपभोग, बचत, निवेश और भुगतान शेष जैसे समष्टि चरों की संकल्पनाओं और उनके मापन पर चर्चा की गई है। साथ ही अल्प काल में जी.डी.पी. निर्धारण के विभिन्न सिद्धांतों की भी व्याख्या की गई है।

पाठ्यक्रम संरचना

**खंड 1 समष्टि अर्थशास्त्र और राष्ट्रीय लेखांकन के मुद्दे**

इकाई 1 मुद्दे और संकल्पनाएं

इकाई 2 राष्ट्रीय आय लेखांकन

इकाई 3 आर्थिक निष्पादन का मापन

**खंड 2 सकल घरेलू उत्पाद (GDP)का निर्धारण**

इकाई 4 क्लासिकल एवं केतन्जेयन व्यवस्था

इकाई 5 आयनिधारण का केनियन प्रतिमान

**खंड 3 सरकार सहित अनावृत अर्थव्यवस्था में राष्ट्रीय आय का निर्धारण**

इकाई 6 राजकोषीय नीति

इकाई 7 बाह्य क्षेत्र

**खंड 4 आधुनिक अर्थव्यवस्था में मुद्रा**

इकाई 8 मुद्रा के कार्य

इकाई 9 मुद्रा की माँग

इकाई 10 मौद्रिक नीति

## समष्टि अर्थशास्त्र के सिद्धांत–II (BECC 134) 6 credits

यह पाठ्यक्रम बी.ई.सी.सी–133 का ही आगे विस्तार है। इसमें राष्ट्रीय आय के निर्धारण के विभिन्न सिद्धांतों की व्याख्या की गई है। इस पाठ्यक्रम में ही अध्येता को स्फीति, उसके बेरोजगारी तथा एक अनावष्त अर्थव्यवस्था की कुछ मूल संकल्पनाओं से सबंधों के बारे में भी बताया जाएगा।

पाठ्यक्रम संरचना

**खंड 1 आइ एस एल एम विश्लेषण**

इकाई 1 वास्तविक क्षेत्र में संतुलन

इकाई 2 मौद्रिक क्षेत्र में संतुलन

इकाई 3 नवक्लासीकल संश्लेषण

**खंड 2 अल्पकाल एवं दीर्घकाल में जी.डी.पी. और कीमत स्तर**

इकाई 4 सकल माँग

इकाई 5 सकल आपूर्ति

इकाई 6 उत्पादन और कीमतों में संतुलन

**खंड 3 स्फीति और बेरोजगारी**

इकाई 7 स्फीतिः संकल्पना, प्रकार और मापन

इकाई 8 स्फीति के कारण और प्रभाव

इकाई 9 फिलिप्स वक्र

**खंड 4 भुगतान षेश और विनिमय दर**

इकाई 10 भुगतान शेष

इकाई 11 विनिमय दर का निर्धारण

# ENGLISH

## Individual and Society (BEGC 131) 6 credits

The course is assigned six credits and contains four blocks. Each block has four units. The focus of this course is the individual in her/his diverse aspects and how s/he impacts and learns from the environment, culture and topography that s/he is part of from time to time. Its objective is to improve the learner's proficiency in English by developing the skills in reading, writing, listening and speaking thorough themes pertaining to the Environment, Travel and Tourism, Culture and Entertainment and Health and Fitness.

## Selections From Indian Writing: Cultural Diversity (BEGC 132) 6 credits

The course will take up writing by Indian writers both in English and in translation which will give learners the opportunity to access the thoughts and work of regional writers as well. It will cover a variety of genres like criticism, stories and poetry while addressing highly relevant issues such as the politics of language, writing about/from marginalised groups/communities

and women's perspectives. It envisages the opening of a window through which learners can glimpse the rich legacy of the Bhakti and Sufi movements and journey into the modern world as they read representative writing from living authors with a contemporary world view. The course will study writers and critics like Sujit Mukherjee, Sisir Kumar Das, Amrit Rai, MK Naik, Nabanita Deb Sen, Tillotamma Mishra, Eleanor Zelliot, Bulleh Shah, Mahadeviakka, Meera, Raghuvir Sahay, Ayyappa Paniker, Kynphem Sing Nongkynrih, N.T. Rajkumar, Lakshmi Kannan, Pudhimaipithan, Indira Sant and Naseem Shafaie.

### British Literature (BEGC 133) 6 credits

This is a Discipline Specific Core Course of 6 credits, which gives learners the opportunity to engage with some of the most brilliant writing in the British literary canon. The course focuses on a detailed analysis of the themes and concerns of the texts prescribed for study, which include plays by William Shakespeare and George Bernard Shaw, and a novel by Thomas Hardy. The course aims at encouraging the critical thinking skills of the learners and providing a broad understanding of various genres of British literature.

### Reading the Novel (BEGC 134) 6 credits

This course introduces the novel as a genre, traces its origins from various other literary sources and genres and deals with three representative novels that have stood the test of time. Kate Chopin's *The Awakening*, Chinua Achebe's *Things Fall Apart* and Gopinath Mohanty's *Paraja*. This course also introduces various theoretical frameworks for the critical analysis of the novels under study.

## हिंदी

### हिंदी साहित्य का इतिहास (BHDC 131) 6 credits

यह पाठ्यक्रम 6 क्रेडिट का है। इस पाठ्यक्रम में हिंदी साहित्य के इतिहास से संबंधित निम्नलिखित बिंदुओं को शामिल किया गया है :

काल विभाजन एवं नामकरण, आदिकालीन काव्य धाराएं : सिद्ध, नाथ एवं जैन साहित्य, प्रमुख रासो काव्य, आदिकालीन हिंदी साहित्य की सामान्य विशेषताएं, भक्ति आंदोलन : सामाजिक– सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, प्रमुख निर्गुण कवि, प्रमुख सगुण कवि, भक्तिकाल की सामान्य विशेषताएं, रीतिकाल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, रीतिबद्ध, रीतिसिद्ध तथा रीतिमुक्त कवि, 1857 का स्वतंत्रता संघर्ष और हिंदी नवजागरण, भारतेंदु युगीन साहित्य की विशेषताएं, महावीर प्रसाद द्विवेदी और उनका युग, द्विवेदी युग के प्रमुख गद्य लेखक और कवि, हिंदी में गद्य विधाओं का उद्‌भव और विकास : उपन्यास, कहानी, नाटक, निबंध।

### मध्यकालीन हिंदी कविता (BHDC 132) 6 credits

यह पाठ्यक्रम 6 क्रेडिट का होगा। इस पाठ्यक्रम में निर्धारित कवियों तथा उनके काव्य का अध्ययन कराया जाएगा। इस प्रक्रिया में कवियों पर आलोचनात्मक सामग्री दी जाएगी और साथ ही कुछ पद्यांशों की व्याख्या भी दी जाएगी जो उन कवियों से संबंधित इकाइयों में होंगी। पाठ्यक्रम में मध्यकालीन कवियों कबीर, रविदास, जायसी, मीरा, सूरदास, तुलसीदास, रहीम, बिहारी, घनानंद, भूषण की रचनाओं का अध्ययन कराया जाएगा।

## आधुनिक हिंदी कविता (BHDC 133) 6 credits

इस पाठ्यक्रम में भारतेंदु युग से लेकर छायावाद युग तक की हिंदी कविता को शामिल किया गया है। यह पाठ्यक्रम 6 क्रेडिट का है। इस पाठ्यक्रम में निम्नलिखित प्रवृत्तियों, कवियों और उनकी कविताओं का अध्ययन कराया जाएगा :

**भारतेंदु युगीन कविता** : स्वरूप और विकास : भारतेंदु और उनकी कविता; **द्विवेदी युगीन हिंदी काव्य :** स्वरूप और विकास : अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' और उनकी कविता; मैथिलीशरण गुप्त और उनकी कविता; रामनरेश त्रिपाठी और उनकी कविता; **छायावाद :** स्वरूप और विकास; जयशंकर प्रसाद और उनकी कविता; सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' और उनकी कविता; सुमित्रानंदन पंत और उनकी कविता; महादेवी वर्मा और उनकी कविता।

## हिंदी गद्य साहित्य (BHDC 134) 6 credits

यह पाठ्यक्रम 6 क्रेडिट का है। इस पाठ्यक्रम में हिंदी गद्य की विधाओं– उपन्यास, कहानी तथा निबंध का अध्ययन कराया जाएगा ;

| | | | |
|---|---|---|---|
| उपन्यास | : | त्यागपत्र | – जैनेन्द्र कुमार |
| कहानी | : | नमक का दरोगा | – प्रेमचंद |
| | | अकाशदीप | – जयशंकर प्रसाद |
| | | वापसी | – उषा प्रियंवदा |
| निबंध | : | लोभ और प्रीति | – रामचंद्र शुक्ल |
| | | कुटज | – हजारी प्रसाद द्विवेदी |
| | | सहस्त्र फणों का मणिद्वीप | – कुबेरनाथ राय |

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को हिंदी गद्य की विविध विधाओं में से उपर्युक्त तीन विधाओं का अध्ययन कराना है। इसके साथ ही पाठ्यक्रम में हिंदी गद्य साहित्य और उसके विकास का परिचय दिया जाएगा।

# इतिहास

## भारत का इतिहास : प्राचीनतम काल से लगभग 300 सी.ई. तक (BHIC 131) 6 credits

वह समय चला गया है जब प्राचीन भारतीय इतिहास के लेखन में केवल राजाओं, उनके राज्यों और उनकी व्यक्तिगत उपलब्धियों का समावेश होता था। अब हम धीरे-धीरे अपना रुख जाँच और अन्वेषण के नये क्षेत्रों की ओर कर रहे हैं, और समाज के विभिन्न पहलुओं तथा आयामों से संबंधित प्रश्न उठा रहे हैं, जैसे कि समाज कैसे विकसित हुआ और उसमें होने वाले परिवर्तन क्या थे?

